Fifteenth Loksabha

Session : 3
Date : 26-11-2009

Participants : Kashyap Shri Virender

Title : Need to declare Giripar region of Sirmour district in Himachal Pradesh as a tribal area.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदय, हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय क्षेत्र के जिला सिरमौर के गिरीपार (जौनसार बाबर) क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने की मांग हि.प्र. के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जनता कई वर्षों से करती आ रही है, लेकिन अभी तक उसे जनजातीय क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि उक्त क्षेत्र का कुछ हिस्सा उत्तराखंड राज्य में पड़ता है । उत्तराखंड में पड़ने वाले गिरीपार क्षेत्र को भारत सरकार ने जनजातीय क्षेत्र घोषित कर दिया है, जबकि हिमाचल प्रदेश में पड़ने वाले क्षेत्र को, जिसकी सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति बिलकुल एक समान हैं, जनजातीय क्षेत्र घोषित नहीं किया है । इसके कारण वहां के आम नागरिक में रोष और क्षोभ व्याप्त है क्योंकि वहां नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हो रहे है और न ही वहां का आर्थिक विकास हो रहा है । यह मात्र एक विसंगति है । अतः मेरा निवेदन है कि गिरिपार (जौनसार बाबर) के चहुंमुखी विकास हेतु भारत सरकार तत्काल प्रभाव से उसे जनजातीय क्षेत्र घोषित करे ।